卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 10 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦17 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## तृतीय नवरात्र



नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के चन्द्रघंटा स्वरूप की पूजा की जाती है। माता के इस स्वरूप की आराधना में सिद्धकुंजिका स्त्रोतम का पाठ मंगल फलदायी है।

# फैक्ट्री में आग, करोड़ों की क्षति

रुड़की(उद ब्यूरो )। भगवानपुर औद्योगिक क्षेत्र में देर रात एक फैक्ट्री में आग लग गई। आग लगते ही वहां सोमवार रात करीब दो बजे फैक्ट्री में आग लगते ही कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। फैक्ट्री प्रबंधन ने आग लगने की सूचना लगातार आग बुझाने में जुटी रही। करीब बारह घंटों की मशक्कत के बाद आग को काबू किया गया। बताया जा रहा है की





अफरा-तफरी मच गई। फायर ब्रिगेड की एक दर्जन से अधिक टीमों ने करीब बारह घंटे की मशक्कत के बाद आग को काबू किया। आग से करोड़ों का नुकसान होने का अनुमान है। जानकारी के अनुसार, फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही देहरादून, भगवानपुर, हरिद्वार, लक्सर, रुड़की सहित 13 जगहों से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची। सहारनपुर से भी फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीमें फैक्ट्री में मटेरियल पैकिंग समेत अन्य सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया है। उधर, सूचना मिलते ही भगवानपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची। आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

# कार खाई में गिरने से चालक की मौत



अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। काकड़ीघाट के पास कैंटर खाई में गिरने से चालक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने रेस्क्यू अभियान चलाकर कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सीएचसी गरमपानी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गुट्टी गांव, बांसबगड़ पिथौरागढ़ निवासी 38 वर्षीय पूरन सिंह बिष्ट पुत्र नेत्र सिंह बिष्ट सोमवार को पिथौरागढ़ से कैंटर यूके 04सीबी 8839 को लेकर हल्द्वानी की ओर रवाना हुआ। पूरन हाइवे पर नावली क्षेत्र के समीप पहुंचा ही था की एकाएक वह (शेष पृष्ठ सात पर)

# दहेज में 25 लाख नहीं मिलने पर विवाहिता को घर से निकाला

काशीपुर(उद संवाददाता)। मकान खरीदने के लिए दहेज में 25 लाख रूपयों की रकम न मिलने पर लोभी ससुरालयों ने विवाहिता को मासूम बच्ची के साथ धक्के मारकर घर से बेघर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति और ससुर के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर वार्ड नंबर 19 घासमंडी काशीपुर निवासी समरीन पुत्री स्वर्गीय मुमताज हुसैन ने बताया कि वर्ष 2017 की 4 फरवरी को उसका विवाह मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार गोलागंज लखनऊ निवासी सलीम पुत्र इकरार हुसैन के साथ धूमधाम से हुआ। पीड़िता का आरोप है की शादी के बाद से ही दहेज की खातिर पति ससुर देवर व नंद आदि ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया। सभी उपरोक्त आरोपी कार की डिमांड करने लगे। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका देवर अदनान उस पर बुरी नजर रखता था। उसने कई बार उसके साथ दुराचार करने की कोशिश भी की थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बीते 1 मार्च को उसके पति सलीम के पिता इकरार हुसैन अपनी पुत्री इरमनाज (शेष पृष्ठ सात पर)

# नदी के बीच फंसी बस, बाल बाल बचे 22 यात्री

नजीबाबाद (उद ब्यूरो)। हरिद्वार डिपो की यात्रियों से भरी बस श्यामपुर क्षेत्र में नजीबाबाद हाईवे पर नदी में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने रेस्क्यू आपरेशन करते हुए बस में सवार सभी 22 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया। जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली कि चिड़ियापुर के पास उत्तराखंड परिवहन निगम की हरिद्वार डिपो की एक बस कोटावाली नदी में फंस गई है, जिसमें कुल 22 यात्री सवार हैं। सूचना पर चिड़ियापुर पिकेट पर मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। श्यामपुर थानाध्यक्ष नितेश शर्मा थाने की



टीम लेकर मौके पर पहुंच गए। नदी के रेत में धंसने के बाद बस धीरे-धीरे एक तरफ झुकने लगी। पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए रेस्क्यू आपरेशन शुरू किया और एक-एक कर 22 यात्रियों को सुरक्षित निकाल लिया। यात्रियों को अन्य बस में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। बाद में बस को भी क्रेन की मदद से नदी से बाहर निकाला और गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। बस में सवार यात्रियों, चालक और परिचालक ने पुलिस को धन्यवाद दिया। हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की प्रशंसा भी की। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने भी श्यामपुर थानाध्यक्ष नितेश शर्मा सहित पूरी टीम को शाबाशी दी।

# स्मैक बेचता एक गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को अवैध स्मैक बेचते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआईं प्रदीप पन्त का. खेतवाल, दिनेश चन्द्र के साथ गश्त कर रहे थे। आजादनगर के मैदान में कुछ लोग एक लड़के के चारो तरफ घेरा बनाकर खड़े दिखाई दिये।संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उस युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता किशोर राय पुत्र विष्णु राय निवासी चन्द्रावती इनक्लेव तीन पानी डाम, ट्रांजिट (शेष पृष्ठ सात पर)

श्रद्धांजलि



तृतीय पुण्य तिथि
स्व. श्री कृष्ण लाल आहूजा जी
(17.10.2020)
परमार्थ जिनकी भक्ति थी, स्नेह उनकी शक्ति थी।
सत्कर्म जिनकी शोभा थी, सौम्यता उनकी सुगंध थी।
परिश्रम जिनका कर्तव्य था, आनंद उनका जीवन था।
आपकी पुण्य तिथि पर हम सभी आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।।
शोकाकुल
श्रीमती लीला रानी (पत्नी)
राजीव आहूजा-मोनिका, संजीव आहूजा-अलका,
प्रदीप आहूजा-पूजा, गौरव आहूजा-प्रेरणा (पुत्र-पुत्रवधू)
तोयज, प्रणव, परम, कार्तिक, सार्थक (पौत्र)
सिमरन, कृपा, प्रीशा, वाणी (पौत्री)
प्रतिष्ठान-अनुपम मेडिकल स्टोर, किच्छा

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## चार लाख की नगदी,होंडा सिटी कार और सोने चांदी के आभूषण बरामद

काशीपुर(उद संवाददाता)। अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो शातिर सदस्यों को पुलिस टीम ने दबोचकर उनके



कब्जे से चार लाख रुपयों की नगदी सोने चांदी के कीमती आभूषण तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त होंडा कर समेत तमाम कीमती सामान बरामद करने में सफलता पाई है। दो अन्य अभी फरार बताए जा रहे हैं जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। पुलिस टीम की इस सफलता पर महकमे के उच्चाधिकारियों ने टीम की पीठ थपथपाई। बता दे कि बीते 3 अक्टूबर को काशीपुर की प्रकाश सिटी जैसी पॉश कॉलोनी में बंद मकान पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने कीमती सोने चांदी के आभूषणों समेत लगभग 13 लाख रूपों का माल समेट लिया और मौके से फरार हो गए। इस मामले की तहरीर प्रकाश सिटी निवासी शिखा गौतम पत्नी विवेक गौतम ने पुलिस को दी। उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने चोरी की ताबड़तोड़ घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर चोरों के पीछे लगा दिया। पुलिस टीम में घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को जब बारीकी से चेक किया तो उसमें एक सफेद रंग की होंडा सिटी कर आती दिखाई दी। बस इसी फुटेज को आधार बनाकर पुलिस टीम ने जांच के दौरान कदम दर कदम आगे बढ़ते हुए अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्यों को मुखबिर की सटीक सूचना पर दबोच लिया। पुलिस (शेष पृष्ठ 7 पर)

## पकड़े गये चोर पूर्व में भी जा चुके हैं जेल

काशीपुर। चोरी की घटनाओं में पकड़े गए सुरेंद्र नामक शातिर चोर के खिलाफ पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में कई गंभीर मामले पंजीकृत है। दिल्ली के थाना डिफेंस कॉलोनी में वर्ष 2008 से वर्ष 2012 तक सुरेंद्र के खिलाफ कुल 14 गंभीर मामले पंजीकृत है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के जनपद गौतम बुद्ध नगर के थाना नोएडा सेक्टर 39 में वर्ष 2021 व 2022 में नौ अभियोग पंजीकृत है। ऐसे ही गिरफ्तार राहुल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में वर्ष 2015 से 2023 तक कुल 14 गंभीर मामले पंजीकृत है। पुलिस का कहना है कि पकड़े गए दोनों शातिर चोरों ने तमाम ऐसी भी घटनाओं को अंजाम दिया है जो अब तक प्रकाश में नहीं आ पाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार चोरों ने यूपी के जनपद अलीगढ़ तथा राजस्थान के कई क्षेत्रों में चोरी की घटना को अंजाम दिया है जिसकी जांच की जा रही है।

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# प्रधानमंत्री जी चुनाव के बहाने आये, लेकिन आये तो सही !

## ❑पीएम नरेंद्र मोदी की आदि कैलाश यात्रा पर अब पूर्व सीएम हरदा ने भी लिखी पोस्टः चर्चा में अब मैं भी कूद गया हूं....
## ❑कुमाऊं के सीमांत क्षेत्र की यात्रा से उस अंचल के पर्यटक स्थल चर्चा में आएंगे और दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में पिछले दिनों आदि कैलाश हिमालय पर्वत भ्रमण और अल्मोड़ा के जागेश्वर धाम में शिवजी का पूजन किया था। अब इस यात्रा को लेकर जहां कुमाऊं मंडल में क्षेत्रीय राज नेताओं की अपनी प्रतिक्रियाएं आ रही है वहीं बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी टिवीटर एक्स पर पीएम मोदी की आदि कैलाश यात्रा को लेकर हिमालय की अलौकितका का खूब प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आध्यात्मिक यात्रा के बाद सियासी गलियारों मेंजो भूचाल सा मचा हुआ है और कांग्रेस के विधायकों द्वारा स्वागत और आभार व्यक्त किये जा रहे है। पीएम मोदी की यात्रा को लेकर अब प्रदेश के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया पर मंगलवार को फेसबुक पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री जी के ओम पर्वत, पार्वती कुंड में ध्यानस्थ मुद्रा और जागेश्वर यात्रा को लेकर लाभ-हानि की चर्चा में मैं न चाहते हुये भी कूद रहा हूं। इसमें कोई शक नहीं कि कुमाऊं के सीमांत क्षेत्र की यात्रा से उस अंचल के पर्यटक स्थल पर्यटकों के बीच में चर्चा में आएंगे और पर्यटन में निश्चय ही हमको उसका दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है। मैं 'सकता है' शब्द का इसलिये उपयोग कर रहा हूं, यह लाभ तभी मिल सकता है बशर्ते हल्द्वानी से पहाड़ों की ओर निकलते हुये पर्यटकों को हाफना न पड़े या हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून से ऊपर की तरफ को जाने वाले पर्यटकों को तौबा-तौबा न कहना पड़े। मगर मैं मुख्यमंत्री जी की इस बात से सहमत नहीं हूं कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा से इन स्थानों को पहचान मिली है। आदि कैलाश, ओम पर्वत, पार्वती कुंड, पहले से ही प्रकृति प्रेमियों और अध्यात्म प्रेमियों के मध्य प्रसिद्ध हैं। वर्षों से श्रीमती सोनिया गांधी जी के आवास में 'ओम पर्वत' का चित्र उनके पारिवारिक महापुरुषों के चित्रों के साथ शोभायमान है और कई लब्ध प्रतिष्ठित लोगों के घरों में मैंने 'ओम पर्वत' का छायाचित्र देखा है। जागेश्वर कोज्योतिर्लिंगोंके समकक्ष मान्यता प्राप्त है, अपने प्राकृतिक सुंदर वातावरण देवदार के सुंदर वन, मंदिर स्थापत्य कला के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मायावती आश्रम जहां स्वामी विवेकानंद जी ने निवास किया उसको अपनी प्रसिद्धि के लिए किसी और नाम की आवश्यकता नहीं है। हां, उस स्थल में जाकर हम स्वामी विवेकानंद जी के कुछ महानतम् गुणों से जरूर साक्षात्कार कर अपने को धन्य कर सकते हैं। सौर घाटी का हृदय स्थल पिथौरागढ़ अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए श्रीनगर घाटी के समकक्ष पर्यटकों के मन में अपना स्थान रखता है।




प्रधानमंत्री जी के आगमन से हमको लाभ मिलता, हम उनको धन्यवाद देते! बशर्ते कैलाश मानसरोवर यात्रा का यह ऐतिहासिक मार्ग जो भाजपा के शासनकाल में बंद हुआ यदि पुनः प्रारंभ हो जाता, इससे चीन के साथ व्यापार का भी मार्ग खुलता। रहा सवाल इस क्षेत्र में सड़क निर्माण का, यह सड़क निर्माण के कार्य चाहे दारमा वैली में हो, चाहे चौदास-व्यास वैली में हो, यह जोहार मिलम वैली में हो, बहुत पहले से ही स्वीकृत होकर वर्ष 2014 से काफी पहले निर्माणाधीन थे और काम बहुत आगे तक बढ़ गया था। चीन के साथ हमारी सामरिक आवश्यकताओं को देखते हुये निर्माण कार्य में तेजी अवश्य आई है। मगर हमारी आवश्यकता का ध्यान रखा गया या हमको कुछ सौगात दी गई, मैं यह तब मानता जब नैनी-सैनी अर्थात पिथौरागढ़ के हवाई अड्डे को कामर्शियल परिचालन के लायक ताकि वहां बड़े जहाज उतर सकें, हवाई पट्टी को विकसित करने और हवाई अड्डे के रूप में नैनी-सैनी को विकसित करने की परियोजना स्वीकृत होती! पिथौरागढ़ को सारी सौगातें पहले से प्राप्त हैं जिसके लिए पिथौरागढ़ सुपात्र भी है। हां, एक सौगात प्रधानमंत्री जी दे सकते थे इंदिरा जी द्वारा स्वीकृत पंडा फॉर्म जहां डीआरडीओ का जो रिसर्च सेंटर है उसको एक विकसित अनुसंधान संस्थान के रूप में यदि स्वीकृति मिल जाती। जागेश्वर जहां महायोगी शिव विराजमान हैं, कांग्रेस की सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय योग मेला प्रारंभ किया था जिसको भाजपा की सरकार ने बंद कर दिया। प्रधानमंत्री जी के भगवान जागनाथ जी के दर्शन के बाद यदि अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव फिर से जागेश्वर में प्रारंभ होता है तो मैं इसको उपलब्धि मानूंगा और फिर एक रेलवे लाईन जिसका सारा कुमाऊं बकौल भाजपा का मानस खंड लंबे समय से इंतजार कर रहा है। सर्वेक्षण आदि के काम तो वर्षों-वर्षों पहले पूरे हो चुके हैं, वर्तमान सत्ता के जन्म से पहले पूरे हो चुके हैं। यदि रेल निर्माण कार्य की स्वीकृति सरयू के किनारे-किनारे जौलजीवी तक भी मिल जाए, यदि धारचूला तक मिल जाए तो और बेहतर होगा, तो मैं इसको माननीय प्रधानमंत्री जी के दौरे की मानसखंड के लोगों के लिए बड़ी उपलब्धि मानूंगा। मैं 'मानस खंड' शब्द का उच्चारण इसलिए कर रहा हूं कि भाजपा को शायद 'कुमाऊं' शब्द पसंद नहीं है। मेरा मानना है कुमाऊं, गढ़वाल और हरिद्वार, ये हमारी अंतर्राष्ट्रीय पहचानें हैं। हमारे लोगों ने अपनी बुद्धि, पराक्रम, कौशल, शौर्य और वीरता से इस मुकाम/ ऊंचाई को हासिल किया है। अब भाजपा 'कुमाऊं' का नया नामकरण करना चाहती है 'मानस खंड'। मंदिरों की माला बने, न बने लेकिन भाजपा शब्दों की माला जरूर जो है कुमाऊं के गले में डालने का प्रयास कर रही है। मुझे यह प्रयास कहीं से भी प्रभावित नहीं कर रहा है। 4200 करोड़ रुपये के पैकेज में ऐसी-ऐसी स्वीकृतियां भी सम्मिलित हैं या ऐसे-ऐसे लोकार्पण भी सम्मिलित हैं जो अभी आधे-अधूरे हैं या बहुत पहले की स्वीकृतियां हैं 2015-16 की। कैसी विडंबना है कि सोमेश्वर का 100 बैड का महिला चिकित्सालय उसके साथ के स्वीकृत 100 बैड के चिकित्सालय त्यूनी और शिमली के भवन बन चुके हैं और सोमेश्वर के 100 बैड का हॉस्पिटल अभी पैकेज के बंद डिब्बे में शोभायमान है। खैर में और अधिक पोस्टमार्टम नहीं करूंगा अन्यथा मेरी बातों से यह आभास जरूर जाएगा कि मुझे प्रधानमंत्री जी का आना अच्छा नहीं लगा। मैं कह रहा हूं चुनाव के बहाने आये, लेकिन आये। प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री हैं और अपनी राजनीतिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए अपने को नये सिरे से शिव भक्त सिद्ध करने के लिये माननीय प्रधानमंत्री जी देश के शिव भक्तों को एक संदेश देने के लिए ही सही, आये तो सही। हां, देकर कुछ भी नहीं गये यह एक कटु सत्य है और भाजपा के दोस्तों को इस कटु सत्य को पचाना ही पड़ेगा।

## जनता ने रखी बेहड़ के समक्ष समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। विधायक बेहड़ ने सभी क्षेत्रवासियों को नवरात्रों की बधाई देते हुए उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया और उसके निदान के आदेश पारित किए। प्रत्येक सोमवार को जनता संवाद कार्यक्रम विधायक बेहड के कार्यालय पर आयोजित किया जाता है। जिसमें तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना गया। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा। जिसमें क्षेत्र वासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना



और आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान वार्ड न०-12 किच्छा निवासी सितारा बानो ने पुत्री के विवाह हेतु आर्थिक सहायता दिए जाने, ग्राम मेहराया से मुजीव, अच्छन, करीम, मजीद ने खडंजे निर्माण करे जाने, तथा किच्छा के व्यापारी इम्तियाज मलिक, प्रमोद अहमद, सुनील कुमार, कमलजीत, कपिल अहमद, सद्दीक अहमद, शराफत आदि ने किच्छा स्थित खुरपिया फार्म में ट्रांसपोर्ट नगर बनाने हेतु ज्ञापन दिया। बेहड ने सभी क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना अधिकाँश समस्याओं का निश्तारण मौके पर ही किया गया तथा शेष बची समस्याओं का निश्तारण हेतु सबको आश्वस्त किया इस संबंधित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इसका हर हाल में निस्तारण किया जायेगा।

## नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

हल्द्वानी (उद संवाददता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में नृत्य प्रतियोगिता डिकेड्स ऑफ डान्स रैट्रो थीम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1 व कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यार्थियों ने सन् 70, 80 व 90 के दशक के गानों पर अपने नृत्य की प्रस्तुति की। शुरूआत में बच्चों को पुराने जमाने के बारे में अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 1 के बच्चों के नृत्य से किया गया। जिसमें उन्होंने झुमका गिरा रे, मेरा जूता है जापानी, पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा आदि गीतों पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कक्षा 2 के बच्चों ने परदेशीया, बचना ऐ हसीनों लो मैं आ गया, बिजली गिराने मैं हूँ आई आदि गानों पर सुंदर नृत्य का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 की फायजा जुनैद, नव्या दसौनी और हस्मीता जोशी प्रथम, श्रेया नैनवाल, युवराज, अनुकम्पा साह और अर्नव तिवारी द्वितीय, मनित गोयल, शिवांश पठानी आद्या जोशी और पावनी उप्रेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 2 की शगुन, समायरा टम्टा, रूही पनेरू और निवेदिता जोशी प्रथम, विधान आर्या, दीपशिखा जोशी, अक्षया पाठक और मान्वी




बिष्ट द्वितीय और प्रभशीरत कौर, समृद्धि नेगी, जागृति जोशी और नित्यांश जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में विद्यालय के नृत्य अध्यापक मुकेश सागर व सुश्री अंकिता चौधरी रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दामिनी कपूर ने किया। विद्यालय की प्रबंधिका डॉ0 गीतिका बल्यूटिया, प्रधानाचार्य अनुराग माथुर, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती ममता तनेजा व कॉर्डीनेटर श्रीमती प्रियंका शर्मा ने बच्चों को पुरूस्कृत किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## माता पिता के आशीर्वाद से बढ़ कर कुछ भी नहीं: हरि चैतन्यपुरी

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां श्री हरि कृपा आश्रम चित्रकूट में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहां कि मां जगदंबा की पूजन आराधना के आशीर्वाद, बड़ों की सेवा व उनका सम्मान करने से आयु, विद्या, यश, बल, स्वाभाविक मिलते हैं। ईश्वर की कृपा हमारे पास है गुरु की कृपा हमारे पास है लेकिन बड़ों के आशीर्वाद का महत्व भी कम नही है। उन्होंने कहा कि मां संसार में प्यार का साकार रुप ही होता हो जाए कलह क्लेश हो या वैमनस्य पैदा हो जाए। हमारे हृदय उदार व विशाल होने चाहिए आज मनुष्य का मस्तिष्क विशाल तथा हृदय सिकुड़ता चला जा रहा है। अकड़ या अभिमान नहीं होना चाहिए।अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि भी उसकी सहायता करता है। उन्होंने कहा कि भूतकाल से प्रेरणा लें, हो चुकी गलतियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजनाएं चाहे बनाएं लेकिन वर्तमान में सीख ले। सर्वाधिक महत्वपूर्ण समय वर्तमान ही है। वर्तमान का ही उत्तम से उत्तम सदुपयोग करें वर्तमान को छोड़कर




साथ-साथ जन्म देने वाले मां बाप का भी सम्मान करना चाहिए। उनका अनादर व उपेक्षा मत करना। बचपन में मां ने तुम्हें पाला बुढ़ापे में यदि तुमने उन्हें ना संभाला तो यह अच्छा नहीं होगा। दुनियां में माता पिता के आर्शीवाद से बढ़ कर कुछ भी नहीं है। मां बाप के है। महाराज श्री ने कहा किसी का तिरस्कार न करें जो भी देखें सुने या पढ़े उस पर विचार करें। किसी को नुकीले व्यंग्य बाण न चुभाये ऐसा कुछ ना बोलें जिससे किसी से आत्मसम्मान को ठेस पहुंचे, किसी का दिल दुखे या प्रेम एकता सदभाव नष्ट हो जाए, अशांति दुश्मन को हराने वाले से भी महान वह है जो उसे अपना बना ले यदि कोई व्यक्ति किसी वस्तु पदार्थ को पाना चाहता है उसके लिए प्रयास करता है और यदि बीच में थककर अपना विचार ना बदल दें तो उसे अवश्य प्राप्त भी कर लेता है यदि व्यक्ति पुरुषार्थ करे तो ईश्वर मात्र भूत व भविष्य का चिंतन मूर्खता है।उन्होंने अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों से सभी हरि भक्तों को मंत्र मुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा तथा "श्री गुरु महाराज" कामा के कन्हैया" व "लाठी वाले भैया" की जय जय कार से गूंज उठा।

## भगवान श्रीराम को मिला चौदह वर्षों का वनवास

सितारगंज (उद संवाददाता)। नगर के श्रीराम लीला मैदान में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा हैं। दशरथ सभा, केकई मंथरा संवाद, वन गमन की लीला का सुंदर मंचन किया गया। सोमवार को हुए मंचन मैं अयोध्या के राजा दशरथ ने भगवान श्री राम को अयोध्या का राजा बनाने का निर्णय लिया। देवताओं ने विचार किया की यदि भगवान राम को अयोध्या का राजा बनाया जाता हैं तो उन्हें रावण के अत्याचार से कोन मुक्ति दिलाएगा। सभी देवताओं ने मां शारदा की आराधना की। मां शारदा मंथरा की जीभ पर विराजमान हुई और मंथरा को कैकई से भरत को राजगद्दी तथा भगवान राम को चौदह वर्षो के वनवास के लिए सहमत करा लिया। कैकई ने राजा दशरथ से



दो वरदानों में से भरत को राजगद्दी और राम को चौदह वर्षो का वनवास मांग लिया। इस अवसर पर राकेश त्यागी, एमपी तिवारी, अमित रस्तोगी, आशीष पांडे, पवन अग्रवाल, राजेंद्र सिंह चौहान, शिवपाल सिंह चौहान, मनोज अरोड़ा, भीमसेन गर्ग, दीप चंद्र कौशल, बंटी कौशल, सर्वजीत माटा, विदेश जायसवाल, अनिल गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, भगवान सिंह भंडारी, रूपल अग्रवाल, अनिरुद्ध राय, सौरभ सक्सेना, शिवम रस्तोगी, पंडित राधेश्याम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# मैंने सब कुछ पाया दाती, तेरा दर्शन पाना बाकी है

## भगवती जागरण में चुघ परिवार ने की मां की पूजा अर्चना, खुशी जोशी, मास्टर बॉबी व राकेश चिलाना हैप्पी के भजनों पर झूमे भक्त

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री दुर्गा मंदिर में पावन शारदीय नवरात्र के द्वितीय दिवस पर आयोजित मां भगवती के विशाल जागरण का शुभारंभ चुन्नीलाल चुघ परिवार द्वारा मां भगवती की विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। पंडित नवीन मिश्रा ने पूजा के जजमान चुन्नीलाल चुघ, उनकी धर्मपत्नी उर्मिला रानी चुघ, पुत्र भारत भूषण चुघ, पुत्रवधू कनिका चुघ, तरुण चुघ, मनीष चुघ, परिधि चुघ, नमन चुघ, कबीर चुघ से पूजा करवाकर भगवती जागरण में मां की पावन ज्योत का आर्शीवाद लिया। सभी ने मां दुर्गा से परिवार सहित सभी की खुशहाली की कामना की। मां भगवती के जागरण में भजन गायक कलाकारों हल्द्वानी से आई खुशी जोशी व राकेश चिलाना हैप्पी ने मां के कई सुंदर भजनों को सुनाकर उपस्थित सैकड़ों भक्तों को मां की भक्ति में मग्न कर दिया। गुरु वंदना, सरस्वती वंदना, फूलों की वर्षा के पश्चात भजन गायक कलाकारों ने सुनलो मेरी पुकार पवन सुत हनुमान, विनती करूं बारंबार, मां शारदे भर दे भंडार, मैंने सब कुछ पाया दाती तेरा दर्शन पाना बाकी है, सजा है मैया




का दरबार, मेनू नच लेन दे, सतनाम वाहे गुरु, सेवा दे दे तर जाऊं भव्य सागर से पार आदि भजन सुनाए। इस दौरान मंदिर परिसर मां के जयघोषों तथा तालियों से गुंजायमान होता रहा। प्रात: काल मां तारा रानी की कथा सुनाई गई। जिसके पश्चात दिल्ली से आए भजन गायक कलाकार मास्टर बॉबी ने मां के भजन चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है, तूने मुझे बुलाया शेरा वालिए, मैं आया मैं आया शेरा वालिए, भोले की बारात चली सज धज के आदि भजन सुनाए। अंत में चुघ परिवार द्वारा मां की आरती की गई तथा प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर अक्षय गाबा, सिल्की गाबा, संतोष चुघ, वृंदा चुघ, शालिनी गुलाटी, सुभाष डोगरा, मनोज मदान, सोनू अनेजा, राजू सिंघल, हरिशंकर अग्रवाल, महेश बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, यश गांधी, हरीश ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरुशरण बब्बर, किशन नारंग, देवेंद्र कुकरेती, नीलम गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रीति, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पावन गाबा, आशा गाबा, अनिल मल्होत्रा, प्रवीण गुलाटी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

# आढ़ती एसोसिएशन के गगनेजा अध्यक्ष सरना महामंत्री एवं भुसरी कोषाध्यक्ष बने

गदरपुर(उद संवाददाता)। आढती एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अनिल गगनेजा अध्यक्ष, आलोक सरना, महामंत्री, मुकेश भुसरी कोषाध्यक्ष सर्व सम्मति से चुने गये। शेष कार्यकारिणी का शीघ्र ही गठन किया जायेगा। सोमवार को नवीन मंडी कार्यालय में आढ़ती एसोसिएशन की बैठक विनोद भुसरी की अध्यक्षता में हुई। चुनाव प्रक्रिया से पूर्व पिछले वर्ष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया और पुरानी कार्यकारिणी द्वारा इस्तीफा दिया गया।



इसके उपरान्त नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरु की गयी। नई कार्यकारिणी के गठन प्रक्रिया के तहत अनिल कुमार गगनेजा को सर्व सम्मति से अध्यक्ष चुना गया। बैठक में आढती एसोसिएशन अन्य पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल गगनेजा ने बताया कि आलोक सरना को महामंत्री, मुकेश भुसरी को कोषाध्यक्ष बनाया गया है और शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष अनिल गगनेजा ने कहा कि किसी भी आढ़ती व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा नवीन मंडी में जिन व्यापारियों को दुकानें नहीं मिल पाई उन्हें शीघ्र से शीध्र से दुकानें दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा किसानों को साथ लेकर चलेंगे और उनके हितों की रक्षा की जाएगी। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष सतीश धीक, अशोक कुमार हुड़िया, राजकुमार भुडडी, विजय सुखीजा, लेखराज भुड्डी, टीकम खेड़ा, ओम प्रकाश ग्रोवर, सुशील घीक, दीपक बेहड, अशोक धीर, दीदार सिंह वेदी, राजेश बजाज, मनोज बजाज, सतीश भुड्डी, सुभाष खुराना, अंकुश ग्रोवर, अशोक पोपली जगदीश भुड्डी, बंटी पोपली, अनमोल बजाज, राजेश अग्रवाल, ओम प्रकाश गुम्बर, ओम प्रकाश बठला, राजेश आहूजा, विनोद गुम्बर सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद थे।

# चोरी की गई 28 साईकिलों के साथ दो चोर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना पुलिस दो चोरों को चोरी की 28 साइकिलों सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुन्दरम शर्मा ने बताया कि 15 अक्टूबर को श्याम चरण पुत्र रोशन लाल निवासी प्रीत बिहार ने रपट दर्ज कीराई थी कि 4 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति आवास विकास स्थित ईएसआई कार्यालय के बाहर से उसकी साईकिल चोरी कर ले गया है। 15 अक्टूबर को ही देवेन्द्र सिंह पुत्र सरदार नव्या सिंह निवासी ईश्वर कॉलोनी ने रपट दर्ज कराई कि 12 अक्टूबर को आवास विकास के बाहर से अज्ञात चोर द्वारा उसकी साईकिल चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया उनके नेतृत्व में उ.नि. नीमा बोहरा, उप निरीक्षक प्रकाश भट्ट, अ. उ. नि. भूपेंद्र सिंह, कानि. पंकज सजवान, अनिल द्वारा मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान अटरिया पुल के पास दो संदिग्ध लोगों को पुलिस ने पकड लिया। जिन्होंने अपना नाम पता नन्हे लाल पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी नखटी नारायणपुर, थाना- क्यूंलडिया, जिला बरेली उत्तर प्रदेश हाल निवासी राजा कालोनी, ट्रांजिट कैंप तथा मानसिंह पुत्र नरोतम निवासी टैमरा कालोनी, निकट धागा फैक्ट्री, बिलासपुर, उत्तर प्रदेश बताया। उसके कब्जे से मोदी मैदान से चोरी की साईकिल बरामद की गई। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर पुलिस ने गंगापुर रोड स्थित शमशान घाट से आगे गन्ने के खेत की झाड़ियो से आवास विकास, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर बाजार, पंतनगर, सिडकुल आदि जगहों से चोरी की की गयी 26 अन्य साइकिलें बरामद कीं। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े गये साईकिल चोरों के विरूद्ध पूर्व में भी मुकदमें दर्ज हैं।



# कैकई ने मांग लिया राम के चौदह वर्ष वनवास का वचन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।रामलीला के छठे दिन श्री रामलीला मैदान में व्यास पुष्कर शास्त्री द्वारा राज्याभिषेक घोषणा, श्री राम वन गमन तथा दशरथ कैकई संवाद का मंचन कराया गया , इसमें दशरथ कैकई




संवाद का बहुत ही सुंदर मंचन कराया गया केके द्वारा दशरथ जी से अपने दो वचनों को पूरा करने की मांग की जाती है दशरथ जी हंसकर कहते हैं मैं तुम्हारी बात समझ गया तुमको रूठना बहुत अच्छा लगता है तुमने अपनी धरोहर कभी नहीं मांगी और मैं भी भूल गया आज तुमको जो भी मांगना है मांग लो रघुकुल रीत सदा चली आई। प्राण जाई वरु वचन न जाई।। राजा दशरथ के ऐसे वचन सुनकर कैकई द्वारा भरत के लिए राज गद्दी तथा राम के लिए चौदह वर्ष का वनवास मांगा जाता है। कैकई के वचन सुन कर राजा दशरथ शोक में पड़ जाते हैं। पर कैकई अपने हठ पर अडिग रहती हैं। राजा दशरथ वचन दे चुके थे। जब श्री राम ने ऐसा सुना तो वे सहर्ष पिता के सामने कहते हैं कि पिता जी मुझे वन गमन की आज्ञा दीजिए। सीता जी और लक्ष्मण जी भी श्री राम के साथ वन गमन के लिए तैयार हो जाते हैं, और माता का आशीर्वाद ले कर वनवास हेतु महलों से निकल पड़ते हैं। अयोध्या वासी शोकाकुल हो कर भगवान के साथ चल पड़ते हैं, पर सरयू नदी पर भगवान श्री राम रात्रि को अयोध्या वासियों सोता छोड़ कर आगे बड़ जाते हैं। लीला में वृंदावन से आई श्री बृजेश्वरी लीला मंडल की टीम ने विश्वामित्र आगमन श्री राम जन्म तथा ताड़का वध का मंचन कराया। रात्रि लीला व्यास जी भारत भूषण शर्मा द्वारा बहुत ही सुन्दर एवम मार्मिक चौपाइयों का गायन किया गया। कार्यक्रम में व्यास पूजन भवानी शंकर नीरज, राकेश गर्ग तथा प्रमोद भट्ट ने किया तथा रामलीला संचालन व्यवस्था प्रमुख अमित जोशी ने बताया कि खराब मौसम के बावजूद लीला का मंचन रामलीला ग्राउंड में किया जाएगा। आज वैष्य महिला समिति, वार्ष्णेय महिला समिति आदि समितियों ने सेवा दी । संचालन समिति के सदस्य विनीत अग्रवाल ने बताया कि आज राम केवट संवाद तथा भरत मिलन की लीला दिन में होगी तथा रात्रि लीला में मारीच सुबाहु वध, अहिल्या उद्धार आदि की लीला होगी। लीला में संचालन समिति के अतुल अग्रवाल, प्रदीपजनौटी, तनुज, अनुभव गोयल, बसंत अग्रवाल तथा कोमल गर्ग, रीतेश जोशी, अशोक अग्रवाल आदि रहे।

# गाली गलौज मारपीट व धमकी में तीन नामजद

काशीपुर। गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के एक मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर टांडा उज्जैन निवासी शिवम पुत्र किशन ने बताया कि बीते 10 अक्टूबर की रात्रि लगभग 11:00 बजे चौती मैदान से खाटू श्याम का जागरण देखकर स्कूटी से अपने दोस्त अमित के साथ वापस घर की ओर लौट रहा था इसी दौरान टांडा उज्जैन पुलिस चौकी क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित कोयले की रैक के पास रोहन पुत्र जयदेव वंश व दिव्यांश नामक बदमाश टाइप युवकों ने घेरकर सिर पर तमंचा सटा दिया और झाड़ियां में घसीट कर लाठी डंडों से बुरी तरह मार पिटाई करते हुए उसे गंभीर रूप से लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि उक्त तीनों बदमाशों ने मुंह खोलने की एवज में पीड़ित पक्ष को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस के मामले को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त तीनों के खिलाफ नामजद प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## सूचना बेदखली

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र बीरू व उसकी पत्नी अनीता का परिजनों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। परिजनों से झगड़ा कर धमकियां देते हैं। उनके कृत्यों से दु:खी होकर मैंने पुत्र बीरू व उसकी पत्नी अनीता को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में बीरू व उसकी पत्नी अनीता द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा या मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

**यादराम पुत्र श्री रामप्रसाद निवासी- रम्पुरा वार्ड संख्या 23, रूद्रपुर ( ऊधमसिंह नगर )**





# धूमधाम से निकली राम बारात, हुई जयमाला

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। नगर की प्रमुख बस स्टैंड वाली रामलीला के अंतर्गत भव्य राम बारात श्री रामलीला मंच से प्रारंभ हुई। श्री राम बारात नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह राम बारात पांच मंदिर पहुंची। इस भव्य राम बारात में राम, लक्ष्मण, भारत और शत्रुघ्न सुसज्जित अश्वों पर सवार थे, जबकि विश्वामित्र जी, वशिष्ठ जी, नारद जी, शंकर जी, सुमंत जी रथों पर सवार थे। बारातियों के रूप में श्री रामलीला कमेटी, रामनाटक क्लब और श्री सनातन धर्म युवा मंच के सदस्य बारातियों की भूमिका में झूमते नाचते गाते चल रहे थे। पूरी बारात जनक पुरी के रूप में सजाए गए एंबिएंस बैंक्विट हॉल एवं रिसोर्ट में पहुंची जहां पर महेंद्र सिंह ईशपूजानी, अनिल ईशपुजानी, एवं सुनील डंग ने सपरिवार बारात की भव्य आगवानी की। मिलनी की रस्म के बाद जयमाला की रस्म अदायगी की गई। रामभजन गए गए। राम स्तुति के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्री राम बारात में विश्वामित्र की भूमिका मोहन लाल भुड्डी, दशरथ की भूमिका में प्रेम खुराना,

## गाजे बाजे के साथ श्री राम बारात नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए पहुंची पांच मंदिर



राम- मनोज अरोरा, लक्ष्मण- गौरव जग्गा, भरत पुलकित बांबा, शत्रुघ्न सौरभ राज बेहड़, सीताजी – दीपक अग्रवाल, ब्रह्मा जी. नीतीश धीर, शंकर जी विशाल अनेजा, सुमंत सचिन आनंद नें निभाया। रामबारात व्यवस्था संचालन डायरेक्टर आशीष ग्रोवर आशु एवं महामंत्री गौरव तनेजा ने किया।इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के संरक्षक विधायक तिलक राज बेहड़, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष सीए अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, सनातन धर्म अध्यक्ष महेश बब्बर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, अनिल इश्पुजनी, दिलीप इश्पुजानी, अनिल डंग, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोरा, जगदीश टंडन, अशोक गुम्बर, अमित अरोरा बोबी, राजकुमार छाबड़ा, हरीश अरोरा, विजय विरमानी, आशीष मिड्ढा, अमित चावला, बिट्टू ग्रोवर, केवल कृष्ण बत्रा, अशोक चावला, आलोक चावला सीए, गौतम इश्पुजनि, गौरव ईशपुजनी, नमन ईशपुजानी, पार्थ ईशपुजानी, रामनाटक क्लब के सरपरस्त- हरीश सुखीजा रामकृष्ण कन्नौजिया , संजीव आनंद, अनिल तनेजा, डारेक्टर – मनोज मुंजाल, आशीष ग्रोवर आशु,विशाल भुड्डी, महामंत्री–गौरव तनेजा, गौरव बेहड, सहसचिव–सचिन मुंजाल, राजू कक्कड़, कोषाध्यक्ष– रमन अरोरा, मीडिया प्रभारी – सुशील गावा, नरेश छाबड़ा, राजेन्द्र छाबड़ा, गुरमीत नरूला, कुक्कू शर्मा, गोला, गुरशरण बब्बर, वैभव भुड्डी, सुमित आनंद, रोहित खुराना, मोनू मुंजाल, रोहित नागपाल, अजय चड्ढा, राजन राठौर, दिव्यांश गोयल, हरनाम चौधरी सीए, मनीष गागनेजा, दीपक गुगलानी, गगन पुनियानी, आयुष्मान सुशील गाबा, आदि शामिल थे। मंच संचालन मंच सचिव केवल कृष्ण बत्रा, सुशील गाबा ने किया।

# राम को हुआ वनवास, दशरथ ने दी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के छठे दिन शुभारंभ समाजसेवी एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के पूर्व अध्यक्ष स.जसविंदर सिंह खरबंदा, हरविंदर सिंह हरजी एवं गुरु मां एंटरप्राइज के स्वामी रमेश ढींगड़ा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उनके साथ पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एवं बलदेव ढींगड़ा भी उपस्थित थे। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया। स.खरबंदा ने राम भक्तों से कहा कि प्रभु श्री राम की लीला हमे अनेक शिक्षा देती है, जीवन जीने की प्रेरणा देती है, इस तरह के आयोजन हमेशा होते रहने चाहिए जो समाज को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।हरविंदर सिंह एवं रमेश ढींगड़ा ने भी सभी को इस महान पर्व के आयोजन की शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। रामलीला के मंचन में राम वनवास,दशरथ से विदाई एवं निषादराज से भेंट तक की लीला का मंचन किया गया जिसमे कौशल्या की भूमिका निर्देशक सन्नी घई,राम गौरव अरोरा,सुमित्रा कृष गावड़ी , लक्ष्मण रवि कक्कड़,सीता केशव शर्मा, दशरथ नरेश घई,सुमंत विशाल गुंबर,कैकई गौरव गांधी, निषादराज हिमांशु पारिक भसीन ने निभाई। मंच संचालन जोली कक्कड़ ने किया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त संजय ठुकराल, स मंगत सिंह खुराना, राजकुमार परुथी,सूरज प्रकाश सुखीजा , नरेश शर्मा, रमेश गुलाटी, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई, निर्देशक सनी घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, अक्षित छाबड़ा, अमर परुथी,राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला, बंटी मुंजाल, राहुल अरोरा,प्रवीण बत्रा, प्रवीण ठुकराल, मनीष अग्रवाल ,राजीव झाम, गौरव गांधी, सन्नी कक्कड़, नैतिक तनेजा,अनमोल घई,चेतन खनिजो, राकेश तनेजा, अनमोल अरोरा,हरीश जुनेजा, चिराग जुनेजा,अरुण अरोरा आदि उपस्थित थे।








# सीता स्वयंवर में श्री राम ने तोड़ा धनुष

किच्छा( उद संवाददाता)। नगर में चल रही ऐतिहासिक रामलीला में तीसरे दिन प्रभु श्री राम ने शिव का धनुष तोड़ सीता से विवाह रचाया। वही शिव धनुष तोड़ने के लिए तमाम देशों के राजा मिथिला नगरी पहुंचे थे।सीता स्वयंवर से लेकर रावण बाणासुर संवाद,लक्ष्मण परशुराम संवाद तक की लीला का भावपूर्ण मंचन नवयुवक कला केंद्र के कलाकारों द्वारा किया गया। इस दौरान रामलीला का समाजसेवी मूलचंद राठौर ने प्रभु श्री राम की आरती कर रामलीला का शुभारंभ किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पण्डित नगद शर्मा, अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल ,डायरेक्टर जितेंद्र अग्रवाल डब्बू, भारत भूषण जोशी, सचिव विकास दाबड़ा, कोषाध्यक्ष रिंकल गुप्ता, रवीश सक्सेना, शेखर पांडे, मनोज गुप्ता, हरीश सक्सेना, दुलीचंद चांगल, अनुज सक्सेना, कुंज बिहारी, राजीव अग्रवाल, अंशुल गंगवार, अमित कालड़ा,बिट्टू हंसपाल, शिवम चांगल आदि लोग थे।



# मंदिरों में हुई मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शारदीय नवरात्र पर्व के तृतीय दिवस पर आज नगर एवं निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित सभी मंदिरों में मां चंद्रघंटा की श्रद्धालुओं द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मां को नारियल, चुनरी, ध्वज, पान , सुपारी, फल, फूल, धूप, अगरबत्ती, मेवा इत्यादि अर्पित कर विधिविधान से पूजा की। नगर के श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री मां दुर्गा मंदिर, मंदिर मनकामेश्वर, श्री अटरिया देवी मंदिर, श्री दूधिया बाबा मंदिर, श्री शिव शक्ति मंदिर, श्री वैष्णों देवी मंदिर, श्री नव दुर्गा मंदिर, श्री चौरासी घंटा मंदिर, श्री शिव मंदिर सहित ट्रांजिट कैम्प, आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, मॉडल कालोनी, खेड़ा, रम्पुरा, पहाड़गंज, भदईपुरा, भूतबंगला, सिंह कालोनी, आवास विकास, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, ईश्वर कालोनी, आदर्श कालोनी, वैशाली कालोनी, भूरारानी, फुलसुंगा फुलसुंगी, दानपुर, महाराजपुर, भगवानपुर, बगवाड़ा, फ्रेंड्स कालोनी, मटकोटा, ओमैक्स कालोनी, मैट्रोपोलिस कालोनी, सैनिक फार्म आदि स्थानों पर सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

# कोदा झिंगोरा उगाएंगे उत्तराखंड को आत्म निर्भर बनाएंगे





## किसान मेले में कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र वितरित कर समारोह में लगाएं गए स्टॉल चालकों को सम्मानित किया





पंतनगर(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने सोमवार को पंतनगर स्थित गांधी सभागार में आयोजित चार दिवसीय 114वां अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा तैयार मिलेट्स का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने स्वयं सहायता समूहों को प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ ही समारोह में लगाएं गए स्टॉल चालकों को सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि देश में कृषि का अहम योगदान है। मंत्री ने गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित 114वें अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय कृषकों की आय वृद्धि के प्रमुख घटकों पर निरन्तर शोध एवं प्रसार कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा इन शोध के परिणाम कृषकों के लिए लाभकारी होंगें। मंत्री ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा पूर्व के वर्षों की भांति इस बार भी विभिन्न फर्मों द्वारा मेले में अभूतपूर्व प्रतिभाग किया गया है। उन्होंने कहा इस प्रदर्शनी के द्वारा उपलब्ध कराई गई हर तकनीकी जानकारी एवं कृषि निवेश इत्यादि से किसान भाई, ग्रामीण बहनें एवं युवा किसान विशेष तौर पर लाभान्वित होंगे।मंत्री ने कहा इस प्रकार के किसान मेले किसानों के लिए बहुत उपयोगी है। किसान मेला एक ऐसा मंच होता है, जहाँ किसान एवं कृषि से सम्बन्धित उद्यमी एक ही स्थान पर अपनी कृषि सम्बन्धी सभी जानकारी प्राप्त करते हैं। साथ ही कृषि निवेश जैसे उन्नत बीज, कीटनाशक दवाइयाँ, कृषि यंत्र, जैविक खाद आदि का क्रय एवं अपनी खेती में इनका प्रयोग कर लाभ उठाते हैं। मंत्री ने मेले में आये हुए सभी उद्यमियों, स्वयं सेवी संस्थाओं एवं एफ.पी.ओ. को बधाई देते हुए कहा इस मेले में बड़े परिश्रम एवं उत्साह के साथ भाग लेकर तकनीकी हस्तान्तरण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। कि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय के दिशा- निर्देशन में विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों के माध्यम से विकसित तकनीक का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इन केन्द्रों में विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक प्रशिक्षण, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन, प्रक्षेत्र परीक्षण, कृषि गोष्ठी, कृषक-वैज्ञानिक संवाद जैसे अनेक कार्यक्रमों का सम्पादन करते हैं। उन्होंने कहा उत्तराखण्ड के समग्र विकास में प्रसार की यह जिला स्तर इकाई 'कृषि विज्ञान केन्द्र' निश्चित ही मील का पत्थर साबित होगा।मंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा नई संचार तकनीकियों का समावेश कर इन केन्द्रों के वैज्ञानिक तकनीकी हस्तान्तरण के क्षेत्र में एक नई क्रान्ति का सूत्रपात करेंगे। मंत्री गणेश जोशी ने कहा विश्वविद्यालय के कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र के माध्यम से किसानों को सिंगल विन्डो सिस्टम द्वारा सेवा प्रदान की जा रही है, जिसमें किसानों को तकनीकी जानकारी एवं उत्पाद, बीज, किसानोपयोगी साहित्य आदि एक ही स्थान पर उपलब्ध कराया जा रहा है। कृषि मंत्री ने कहा यह वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा श्री अन्न को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कोदा झिंगोरा उगाएंगे उत्तराखंड को आत्म निर्भर बनाएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए भविष्य में विश्व विद्यालय उत्तराखण्ड राज्य को एक कृषि सम्पन्न राज्य बनाने में अपनी कारगर भूमिका निभाता रहेगा। मंत्री ने किसानों के कल्याण और उनकी आजीविका दोगुनी करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर अग्रसर है। इस अवसर पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा, लालकुआ विधायक मोहन सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक किच्छा राजेश शुक्ला, कुलपति, डा० मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, निदेशक प्रसार शिक्षा, डा० जय प्रकाश जायसवाल, निदेशक अनुसंधान केन्द्र, डा० अजीत सिंह नैन आदि उपस्थित रहे।

## डीएसबी नैनीताल ने जीती बास्केटबॉल प्रतियोगिता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता 2023 -24 श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में यूनिटी लॉ कॉलेज द्वारा आयोजित की गई।कुमाऊं विश्वविद्यालय के कीड़ा महाविद्यालय काशीपुर की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला डीएसबी परिसर नैनीताल एवं राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी के मध्य हुआ। जिसमें डीएसबी परिसर की टीम ने 36 अंकों के मुकाबले हल्द्वानी की टीम को 45 में निर्णायक का कार्य अंकुश रौतेला, नीरज जोशी, सावन मल्होत्रा, हरीश टुरेहा, मृणाली त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रघुवीर विर्क, डॉ सुरेंद्र सिंह नेगी, डॉ राजेश कुमार, देवेंद्र भट्ट, यूनिटी लॉ कॉलेज के कीड़ा प्रभारी डॉक्टर उमेश चंद जोशी,



अधिकारी डॉ. नागेंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में डीएसबी परिसर नैनीताल, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी, राजकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय रामनगर, वासुदेव लॉ कॉलेज हल्द्वानी, चंद्रावती तिवारी कन्या अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि यूनिटी लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर कुंदन सिंह राठौर एवं प्रभारी कीड़ा अधिकारी सुरेश बिष्ट ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता प्रगति दुमका, योगेश पांडे, लोकेश चंद्र पांडे सहित अनेको खेल प्रेमी मौजूद थे। क्रीड़ा अधिकारी डॉक्टर शर्मा ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्व विद्यालय की चयनित टीम अंतर विश्व विद्यालय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।

## जी. डी गोयंका स्कूल में करियर परामर्श वर्कशॉप आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में नए कैरियर क्षेत्रों पर करियर परामर्श वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का उद्देश्य छात्रों को उभरते हुए कैरियर विकल्पों से परिचित कराना व बदलते इंजीनियरिंग की डिग्री है, और वे अभी अपनी एल.एल.बी की पढ़ाई कर रहे हैं। मिस्टर राजेश जोशी, जिनके पास ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट में एमबीए हैं , वे अर्थशास्त्र और मनोविज्ञान में मास्टर्स डिग्री भी रखते हैं, और वे भी अपनी पार खोजने के महत्व पर बल दिया गया । इन नए क्षेत्रों के लिए संबंधित पाठ्यक्रम और डिग्री के बारे में जानकारी, इन्हें प्रदान करने वाले कॉलेज और विश्वविद्यालयों के बारे में जानकारी छात्रों को दी गई। एक अंतर्क्रियात्मक प्रश्न-उत्तर सत्र ने



हुए नौकरी के बाजार में जानकारी प्रदान करना था। इस वर्कशॉप का आयोजन दीक्षित मिश्रा और राजेश जोशी द्वारा किया गया। श्री मिश्रा के पास करियर मार्गदर्शन में 16 साल से अधिक का अनुभव है, उनके पास मैकेनिकल एलएलबी की पढ़ाई कर रहे हैं। उनका विविध पृष्ठभूमि करियर परामर्श में एक मूल्यवान संपदा बनाती है। वर्कशॉप नए और अअपरंपरागत कैरियर क्षेत्रों का अवलोकन करके शुरू हुआ, पारंपरिक कैरियर मार्गों के छात्रों को स्पष्टीकरण खोजने और और अधिक जानकारी प्राप्त करने की अनुमति दी। जी. डी.गोयंका पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल, मिसेस रुपाली पुरी ने मिस्टर दीक्षित मिश्रा और मिस्टर राजेश जोशी का आभार व्यक्त किया।

## राम वनवास की लीला का मंचन देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

गदरपुर (उद संवाददाता)।अनाज मंडी गदरपुर में चल रही श्री राम लीला में सोमवार रात्रि श्री राम वनवास का मंचन किया गया। जिसमें श्री राम ने सीता और भाई लक्ष्मण के साथ सम्पूर्ण अयोध्या को विदा कर वनों की राह ली। राजा दशरथ की भूमिका में अध्यक्ष अशोक सुधा, श्री राम की भूमिका में निर्देशक अशोक पोपली, लक्ष्मण की भूमिका में रोहित पोपली, सीता की भूमिका में गुलशन शर्मा, कौशल्या की भूमिका में कशिश खुराना, सुमित्रा की भूमिका में करण कालरा, कैकई की भूमिका में आर्यन छाबड़ा ने सुंदर भूमिका निभाते हुए अभिनय किया और दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। श्री रामलीला अनाज मंडी के अध्यक्ष रविन्द्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष श्री कृष्ण अनेजा एवं समस्त कमेटी ने तालियां बजाकर कलाकारों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर पधारे पंडित राजन जी शर्मा, श्याम लाल सुखीजा को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। पंडित शिवा शास्त्री, राज कुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्णलाल सुधा, विजय छाबड़ा, इंद्रजीत डाबर, विजय भुड्डी, अजय खेड़ा, रविंद्रवीर सिंह, कृष्णलाल बत्रा, सतीश छाबड़ा, विजय सुखीजा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य सुखीजा, गौरव भुड्डी, प्रमोद बजाज, सक्षम ग्रोवर, मुकेश पाल, सुभम बत्रा, मयंक चुघ, अरुण बजाज, अनिल सुधा, निर्मल दास नारंग, अनमोल भुड्डी ,पारस धवन, श्याम सुंदर कालड़ा, धीरज इश्पुजानी, अंकित गगनेजा, संजीव अनेजा, विजय पोपली, गणपति विश्वास, सागर अनेजा, प्रवीण गगनेजा, अमित ढींगरा, राकेश छाबड़ा, रोहित कालड़ा, दीपक भुड्डी, सुधीर भुसरी एवम श्री राम नाट्य कला परिषद के सभी पदाधिकारी और कलाकार उपस्थित रहे।



# आरएएन में नन्हे मुन्ने बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन. पब्लिक स्कूल भूररानी में कक्षा तीन के विद्यार्थियों द्वारा "पुस्तक ज्ञान का खजाना है" इस विषय पर अपनी विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। इसमें कक्षा 3 के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉक्टर युकी अग्रवाल, डॉ शालिनी कपूर, अजीत सिंह, विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच. के. राय, श्रीमती मधु राय, विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय, श्रीमती रेखा कर्नाटक तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने वहां उपस्थित अभिभावकगण का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में स्वागत नृत्य, नुक्कड़ नाटक, योगा, फैशन शो, लोक नृत्य तथा चंद्रयान 3 नृत्य नाटिका को नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की इस प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विशिष्ट



अतिथि श्रीमती निधि राय ने बच्चों द्वारा की गई प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में अभिभावक गण के लिए भी अनेक खेलों का आयोजन किया गया तथा विजयी अभिभावकों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती गरिमा ने वहां उपस्थित सम्मानित गणों का अपने अमूल्य समय देने के लिए आभार व्यक्त किया।



# मां भगवती के जागरण में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नवरात्रि के पहले दिन ट्रांजिट कैंप मुख्य बाजार में सर्वेश रस्तोगी के आवास पर मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया।इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने भी प्रतिभाग कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इससे पूर्व मां भगवती के सम्मुख विधि विधान से पूजा अर्चना की गई, उसके पश्चात दीप प्रज्वलित कर मां भगवती का गुणगान किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, रामकुमार गुप्ता, चंद्रा,रानी रस्तोगी, प्रमोद कुमार,रामबाबू,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे स उधर खेड़ा स्थित चामुंडा मंदिर में भी सोमवार को मां भगवती का विशाल जागरण आयोजित किया गया,वहां भी श्रीमती मीना शर्मा ने अपनी हाजरी लगाकर मां भगवती के सम्मुख शीश नवाया, और जागरण में प्रतिभाग किया स इस अवसर पर भरतपाल, जगदीश, संजीव, मनीष, केवल कृष्ण, राजेश, किरण, महेश, ताराचंद, कमलेश, विनोद,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। इससे पूर्व यहां पहुंचने पर आयोजकों द्वारा श्रीमती शर्मा और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा का पीत वस्त्र डालकर स्वागत किया गया।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## ओलंपिक खेलों में क्रिकेट

आखिरकार क्रिकेट को भी ओलंपिक खेलों में शामिल कर लिया गया है। इसकी घोषणा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने मतदान के बाद की। दो को छोड़ कर सभी देशों ने इसके पक्ष में मतदान किया। इस फैसले से स्वाभाविक ही क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह है। क्रिकेट का खेल जिस तरह दुनिया भर में लोकप्रिय हो चुका है, उसमें इसके ओलंपिक में शामिल न रहने को लेकर लंबे समय से निराशा जताई जा रही थी। हालांकि क्रिकेट से संबंधित कई विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की जाती हैं। विश्वकप का आयोजन भी होता है। इसके बावजूद चूंकि ओलंपिक की अपनी गरिमा है, इसलिए खेल प्रेमी और खुद क्रिकेट खेलने वाले भी ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में इसे शामिल करने के पक्षधर थे। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब क्रिकेट को ओलंपिक खेलों में शुमार किया गया। सन 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट खेला गया था, जिसमें इंगलैंड ने फ्रांस को हराया था। अब 2028 में लास एंजिलिस में होने वाले ओलंपिक में फिर से क्रिकेट की प्रतिस्पर्धा हो सकेगी। अभी अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति इसका स्वरूप तय करेगी, पर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि इसमें केवल छह महिला और छह पुरुष टीमें हिस्सा लेंगी।दरअसल, ओलंपिक प्रतिस्पर्धा में क्रिकेट को शामिल न करने को लेकर सबसे बड़ी अड़चन इसे खेले जाने की अवधि के मद्देनजर रही है। ओलंपिक में खेले जाने वाले सभी खेल छोटी अवधि के होते हैं, मगर क्रिकेट में पूरा दिन लग जाता है। अगर कभी मौसम खराब हो गया तो खेल को टालना भी पड़ता है। फिर ओलंपिक खेलों का मकसद पुराने, स्थानीय और पारंपरिक खेलों को संरक्षण प्रदान करना, उनमें नए खिलाड़ियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करना रहा है, इसलिए व्यावसायिक लोकप्रिय खेलों को उसमें शामिल करने से परहेज किया जाता रहा है। इसलिए भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने को लेकर कभी गंभीरता नहीं दिखाई गई।मगर ओलंपिक के छोटे स्वरूप वाले राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में क्रिकेट को शामिल कर लिया गया, तो स्वाभाविक रूप से ओलंपिक समिति पर इसके लिए दबाव बना। फिर जब ओलंपिक संघ ने इंटरनेट माध्यमों पर खेले जाने वाले बिल्कुल नए तरह के खेलों की प्रतिस्पर्धा को भी मान्यता दे दी है, तो क्रिकेट जैसे लोकप्रिय खेल को इससे बाहर रखने का औचित्य नहीं रह गया था। क्रिकेट के साथ चार अन्य नए खेलों को भी ओलंपिक प्रतिस्पर्धाओं में शामिल होने की मान्यता दी गई है। क्रिकेट और फुटबाल दो ऐसे खेल हैं, जिनके प्रति दुनिया भर में दीवानगी देखी जाती है। फुटबाल पहले से ओलंपिक में शामिल है। इस तर्क से भी क्रिकेट को इसमें शामिल करने की मांग जायज थी। ये दोनों खेल अब केवल मनोरंजन का साधन और खिलाड़ियों के कौशल की परख के माध्यम नहीं, बल्कि कमाई का बड़ा साधन भी बनते गए हैं। जितने प्रायोजक इन खेलों को मिलते हैं, उतने किसी खेल को नहीं मिलते। इस तरह इनकी प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन करने वाली समितियां धनी खेल समितियों में शुमार हैं। ओलंपिक में शामिल होने से वहां भी इनके प्रायोजकों की संख्या बढ़ेगी। मगर अब भी यह प्रश्न अपनी जगह बना हुआ है कि क्रिकेट मैच को किस तरह व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे ओलंपिक का अधिक समय खर्च न हो। मगर अब जिस तरह क्रिकेट में बीस ओवर की प्रतिस्पर्धा भी लोकप्रिय होती गई है, इसके समय को व्यवस्थित करना कठिन नहीं होगा। फिलहाल क्रिकेट का ओलंपिक में शामिल होना इसका बड़ा सम्मान है।



# चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों ने बनाया नया रिकार्ड, आंकड़ा 50 लाख के पार

## बर्फबारी के बीच केदारनाथ पहुंचीं जैकलिन फर्नांडीस ने लिया आशीर्वाद

देहरादून(उद संवाददाता)। चारधाम यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं ने नया इतिहास बनाया है। पहली बार यात्रा में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा 50 लाख पार हो गया है। यात्रा अंतिम चरण में है। केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। इस बार चारधाम यात्रा 22 अप्रैल से शुरू हुई थी। यात्रा के शुरुआत में तीर्थयात्रियों के उत्साह को देखते हुए सरकार को उम्मीद थी कि इस बार चारधाम यात्रा नया इतिहास बनाएगी। पांच अक्तूबर को दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों ने यात्रा का पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ा। अब संख्या 50.12 लाख से अधिक पहुंच गई है। अभी यात्रा के लिए एक माह का समय बाकी है। रोजाना चार धामों में 20 से 22 हजार श्रद्धालु दर्शन कर रहे हैं। उधर, चारधाम यात्रा के लिए अब तक 71 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने पंजीकरण कराया है। इसमें 50 लाख से अधिक दर्शन कर चुके हैं। इस बार प्रदेश सरकार ने यात्रा के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया है। जून-जुलाई माह में केदारनाथ धाम में धारण क्षमता से अधिक तीर्थयात्रियों के पहुंचने से सरकार को पंजीकरण पर रोक लगानी पड़ी थी। चारधाम यात्रा में हर साल तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं के ठहरने की सीमित व्यवस्था है। सरकार का अनुमान है कि 2030 तक चारधाम यात्रा में एक करोड़ यात्रियों के आने का अनुमान है। केदारनाथ पुनर्निर्माण और बदरीनाथ धाम का मास्टर प्लान में धारण क्षमता बढ़ाने पर फोकस है। अब तक केदारनाथ में 17,08,868, बदरीनाथ में 15,84,790, गंगोत्री में 8,46,471, यमुनोत्री में 6,94,830, हेमकुंड साहिब में 1,77,463 श्रद्धालु पहुंचे है। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज के अनुसार चारधाम यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाना सरकार की प्राथमिकता है। चार धामों में सुविधाओं के लिए अवस्थापना विकास से तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है। इस बार तीर्थयात्रियों की संख्या 50 लाख पार होना चारधाम यात्रा का नया इतिहास बना है। वहीं बारिश और बर्फबारी के बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलिन फर्नांडीस ने सोमवार को केदारनाथ पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर समिति के पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए केदारनाथ के बारे में जानकारी ली। जैकलिन हेलीकॉप्टर से केदारनाथ पहुंचीं थीं।यहां पर केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त सचिव व बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्यधिकारी योगेंद्र सिंह और कार्यधिकारी रमेश चंद्र तिवारी ने उनका स्वागत करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया। उन्होंने बाबा केदार की पूजा-अर्चना करते हुए दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति ने उन्हें केदारनाथ धाम का प्रसाद और रुद्राक्ष की माला भेंट की।

# साहू समाज ने किया राम बारात का स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राधा कृष्ण मंदिर से निकली श्री राम बारात का प्रथम बार साहू समाज जन कल्याण समिति द्वारा फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आजीवन संरक्षक बाबूलाल साहू, संरक्षक दशरथ प्रसाद साहू, अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, महिला अध्यक्ष श्रीमती शिवपति साहू, महामंत्री



रामबाबू साहू, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार, पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार साहू , पूर्व उपाध्यक्ष कमल साहू, उप महामंत्री पन्नालाल साहू , महिला महामंत्री कुसमा साहू, गणेश प्रसाद, आशीष साहू , अरविंद साहू , जितेंद्र साहू व साहू समाज के सम्मानित वरिष्ठ जन, महिलाएं , युवतियां, युवकों ने राम परिवार व उनके बारात का भाव विभोर दर्शन कर जलपान और फल वितरण कर आर्शीवाद लिया।

# शिक्षक पंकज राय 44 वर्षो से कर रहे हैं रामलीला में अभिनय

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। नगर के भारत माता पार्क मे आदर्श श्रीरामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला मे दूसरे दिन मे श्रवण कुमार की मातृ-पिर्तृभक्ति,श्रवण कुमार की मृत्यु, मार्मिक सुंदर लीला का मंचन हुआ। दूसरे दिन लीला का शुभारम्भ श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी व सदस्यो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना के पश्चात श्री राम लीला शुरु हुआ। पिछले 44 वर्षो से अभिनय की दुनिया मे सक्रिय इस वर्ष श्रवण कुमार का चरित्र क्षेत्र के शिक्षक पंकज राय कर रहे है। माता पिता भक्त श्रवण कुमार अपने माता पिता को तीर्थ करवाने हेतु कांवर तैयार कर उसमे माता पिता को बैठाकर तीर्थ के लिए निकल जाते है। जब तीनो अयोध्या नगरी पहुंचते है,तब माता पिता श्रवन कुमार से प्यास लगने की बात कहते है, श्रवन कुमार कांवर को जंगल मे रखकर सरयू किनारे पानी भरने लगता है। इस हलचल को शेर के पानी पीने की आवाज समझ कर राजा दशरथ



शिकार के उद्देश्य से तीर चला देते है, और उस तीर से श्रवन कुमार के हृदय को आघात पहुँचता है, उनके मुख से पीड़ा भरी आवाज निकलती है, जिसे सुनकर दशरथ स्तम्भ रह जाते है, और उन्हे अनहोनी का एहसास होता है, श्रवण के सीने मे अपना तीर देखकर दशरथ को अपने भूल का एहसास होता है, श्रवन अंतिम सांस लेते हुए अपने नेत्र हिन माता पिता के प्यासे होने की बात कहकर प्राण त्याग देते है। दशरथ श्रवण कुमार के माता पिता को सारी बाते व श्रवन के मृत्यु की बात कहता है, उसके बाद शांतनु महाराज दशरथ को श्राप देते है की मेरी तरह तूम भी पुत्र वियोग मे मरोगे। इतना कहकर श्रवन के माता पिता अपने प्राण त्याग देते है। श्रवण कुमार के अभिनय को जीवन्त चरितार्थ करने वाले पंकज राय ने शिक्षा के क्षेत्र मे विशेष योगदान दिया है, खेलकूद, संगीत, समाजसेवा से जुड़े होने के कारण लोकप्रिय भी है,क्रिकेट हो या फुटबॉल उनके कमेंट्री खेल को और भी रोमांचक बना देता है। इस मौके पर अजय जायसवाल, देवेंद्र मेहरोत्रा,जयंत मण्डल, दीपक कालरा,रविन्द्र अग्रवाल, राजकुमार डालमिया,लक्की कालरा, संजय गुप्ता,नितिन जिंदल ( पंडा ), सन्नी मित्तल,रमन जायसवाल,सुमित मण्डल, सपन सरकार,दीपक कुमार, हरेन मण्डल आदि मौजूद थे।

# प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना चुनौती: राज्यपाल

## एम्स ऋषिकेश द्वारा हेली एम्बुलेंस और टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी

देहरादून/ऋषिकेश (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को एम्स ऋषिकेश में आयोजित ''वर्ल्ड ट्रॉमा सप्ताह-2023'' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में सड़क दुर्घटनाओं को कम करना एक चुनौती है और इस चुनौती से निपटने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दुर्घटनाओं में हमारे लिए शुरू के 10 मिनट या एक घंटा बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम 'प्लैटिनम 10 मिनट' और 'गोल्डन ऑवर' में दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का बचाव करते हुए मृत्यु दर में कमी ला सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि ट्रॉमा सेंटर तक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति का सुरक्षित परिवहन हमारी सबसे बड़ी चुनौती है। राज्यपाल ने व्यक्ति के दुर्घटना स्थल से ट्रॉमा सेन्टर तक के समय को कम से कम किए जाने पर विशेष बल दिया। एम्स ऋषिकेश द्वारा सप्ताह भर तक संचालित जन-जागरूकता कार्यक्रमों की राज्यपाल ने सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ सहित हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम समाज के प्रत्येक व्यक्ति को दुर्घटनाओं को रोकने और ट्रॉमा चिकित्सा के संबंध में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि एम्स ऋषिकेश द्वारा हेली एम्बुलेंस और टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि एम्स द्वारा नवीन तकनीकों से पहाडों में स्वास्थ्य चुनौतियों के समाधान खोजने की दिशा में प्रयास सराहनीय हैं। एम्स द्वारा एआई आधारित संकल्पनाओं, ड्रोन टेक्नोलॉजी और हैली सेवा से मरीजों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए उन्होंने संस्थान को बधाई दी। पिछले एक वर्ष में हेल्पलाइन की मदद से 12 हजार से अधिक लोगों को टेली कंसल्टेशन दिया गया है जिसके लिए उन्होंने सभी डॉक्टरों की सराहना की। इससे पूर्व एम्स की कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ.)मीनू सिंह ने राज्यपाल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि ट्रॉमा के कारण हो रही मौतों को रोकने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एम्स का प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को ट्रॉमा के प्रति सजग और जागरूक किया जाय। इससे पूर्व ट्रॉमा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कमर आजम ने सप्ताह भर तक संचालित ट्रॉमा जागरूकता के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम को सर्जन डॉक्टर डॉ. मयूर नारायण और डॉ. मधुर उनियाल आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर डीन एकेडमिक प्रो. जया चतुर्वेदी, डॉ. भास्कर सरकार, डॉ. गिरीश कुमार सिंह सहित एम्स के डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ सहित एनसीसी और स्कूलों के बच्चे भी मौजूद रहे।



# किच्छा में अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाई

किच्छा(उद संवाददाता)।महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर अग्रवाल महासभा किच्छा के पदाधिकारियों के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने महाराजा अग्रसेन पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाराजा अग्रसेन व्यापारियों के शहर अग्रोहा के एक महान भारतीय महाराज थे जिनका जन्म क्षत्रिय कुल में हुआ था वह एक वैदिक समाजवाद के प्रवर्तक, युग पुरुष, राम राज्य के समर्थन एवं महादानी एवं समाजवाद के प्रथम प्रणेता थे। महाराजा अग्रसेन को समाजवाद का अग्रदूत कहा जाता है, अपने क्षेत्र में सच्चे समाजवाद की स्थापना हेतु उन्होंने नियम बनाया कि उनके नगर में बाहर से आकर बसने वाले प्रत्येक परिवार की



सहायता के लिए नगर का प्रत्येक परिवार उसे एक तत्कालीन प्रचलन का सिक्का व एक ईंट देगा, जिससे आसानी से नवागन्तुक परिवार स्वयं के लिए निवास स्थान व व्यापार का प्रबंध कर सके। महाराजा अग्रसेन ने तंत्रीय शासन प्रणाली के प्रतिकार में एक नई व्यवस्था को जन्म दिया, उन्होंने पुन: वैदिक सनातन आर्य सस्कृंति की मूल मान्यताओं को लागू कर राज्य की पुनर्गठन में कृषि-व्यापार, उद्योग, गौपालन के विकास के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की पुन: प्रतिष्ठा का बीड़ा उठाया। विधायक राजेश शुक्ला ने अग्रवाल सभा के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ को महाराजा अग्रसेन जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर अग्रवाल सभा अध्यक्ष ग्यारसी बंसल, महामंत्री राम अवतार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विकेश सिंघल, मनोज गोयल, प्रकाश गोयल, हनुमान प्रसाद, संजय जिंदल, महेंद्र गोयल, ओम अग्रवाल, मदन गोपाल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, महेंद्र पाल, विजय अग्रवाल, भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, राकेश गुप्ता, पूरन भट, राजेश कोली, गोल्डी गोराया उपस्थित थे।

# गौरव मिस्टर फ्रेशर,पलक मंडल मिस फ्रेशर बनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस के कॉलेज ऑफ फार्मेसी, रुद्रपुर में खिलखिलाते चहरे और बेहतरीन भविष्य की कामनाओं के साथ छात्र-छात्राओं ने पूरे हर्षोल्लास के साथ बी. फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का स्वागत समारोह कार्यक्रम मनाया ।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह, संस्थान के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन तथा संस्थान के सी.ई.ओ अनुभव बाठला के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया, दीप प्रज्वलन के पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम का संचालन आयुषी शील, सिमरन ग्रोवर, खुशबू हालदार तथा साहिल ने बहुत ही बखूबी के साथ निभाया। कार्यक्रम का प्रारंभ साक्षी और ग्रुप ने सरस्वती वंदना कर की उसके उपरांत छात्राओं ने प्रतियोगिता कराया गया,उसके उपरांत मिस्टर फ्रेशर तथा मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नृत्य, टैलेंट राउंड, म्यूजिकल चेयर , मिमिक्री आदि कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी । जिसमें मिस्टर फ्रेशर गौरव सिंह तथा मिस फ्रेशर पलक मंडल छात्रा को दिया गया। कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने बताया कि संस्थान में इस प्रोग्राम का उद्देश्य सभी नए छात्र-छात्राओं के भविष्य को एक नया आयाम देना है तकनीकी कुशलता, शिक्षण-पाठ्यक्रम तथा बच्चो को आगे बढ़कर मंजिल को पाने हेतु प्रोत्साहित किया। संस्थान के प्लेसमेंट हेड रजत धवन ने छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला, वहीं संस्थान के चेयरमैन श्री राजेश डाबर, को- चेयरमैन श्री प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनज्मेंट टीम मेम्बर श्री वंश डाबर ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान की। इस पूरे कार्यक्रम को सफलता पूर्वक मनाने के लिए सांस्कृतिक विभाग तथा संस्थान के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का पूरा सहयोग रहा एवं इस अवसर पर सभी विभाग के विभागाध्यक्ष और शिक्षक ख्र शिक्षिकाएं छात्र ख्रछात्राएं उपस्थित रहे।



# धान खरीद में सरकारी तंत्र फेल: संजीव

किच्छा(उद संवाददाता)। कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव संजीव सिंह ने किसानों को लेकर जारी बयान में कहा है कि धान खरीद प्रकरण में सरकारी तंत्र पूर्ण रूप से असफल हो गया है । उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनपद में खोले गए सभी कांटों में किसानों का शोषण किया जा रहा है। निर्धारित एम एस पी 2193 के मुकाबले सरकार की गलत नीतियों के कारण किसानों को अपना धान 1600 से लेकर 1700 के बीच में बेचना पड़ रहा है ।आकस्मिक आपदा के कारण किसानों का धान जहां मंडियों में भीग रहा है वहीं खेतों में खराब हो रहा है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी तंत्र ने धान खरीद केंद्रों में ना तो बोरियों की ही व्यवस्था कर पाई है और ना ही मंडी में ले गए किसान के धान के रखरखाव की कोई समुचित व्यवस्था की हुई है। खुले आसमान के नीचे किसानों को अपना धान छोड़ना पड़ रहा है ।ऐसे में सरकारी तंत्र द्वारा नमी का रोना रोकर फसल को निर्धारित मुल्यसे कम मूल्य में बेचने के लिए किसान को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। जिस वजह से किसानों को अन्य व्यापारियों द्वारा लूटा खसोटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आकस्मिक आपदा के कारण सरकार को अतिरिक्त मुवाजे के रूप में किसानों को प्रति कुंतल1000 मुआवजा देना चाहिए ।



## पेज एक का शेष...

**अंतराज्जयीय चोर गिरोह...**की गिरफ्त में आए ग्राम जहांगीरपुर, जट्टारी रोड, थाना जहांगीरपुर, जनपद गौतम बुद्ध नगर तथा हाल सिद्धार्थ विहार ब्रह्मपुत्र एनक्लेव 102 ब्लॉक 16 थाना विजयनगर जनपद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश निवासी सुरेंद्र सिंह पुत्र बलराम सिंह कथा नगला कटक थाना बीवी नगर जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी राहुल पुत्र स्वर्गीय राधाचरण के साथ पुलिस ने जब सख्ती किया तो दोनों वर्दी के आगे टूट गए। उन्होंने दो और चोरियों की घटनाओं को पुलिस के समक्ष कबूल करते हुए चुराए गए माल में से चार लाख रुपयों की नगदी के अलावा एक माइक्रोवेव स्टील की थाली काशी का लोटा गिलास कटोरा बाग पायल कान के झुमके सोने की अंगूठी सोने के बिस्कुट एवं घटना में प्रयुक्त होंडा सिटी कार पकड़े गए चोरों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने बरामद कर लिया। यहां बता दे की प्रकाश सिटी थाना आईटीआई निवासी संजय कुमार पुत्र लल्लू राम के मकान को भी पकड़े गए चोरों ने निशाना बनाया था इसी तरह रॉयल एनक्लेव में भी उपरोक्त चोरों ने सनसनी खेज चोरी जैसी घटना को अंजाम दिया था। घटना का खुलासा करते हुए पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि चोरी के उपरोक्त मामलों में ग्राम नगला अग्रसेन थाना बीवी नगर जनपद बुलंदशहर निवासी मुकेश पुत्र रामेश्वर तथा ग्राम बागवाला थाना बीवी नगर जनपद बुलंदशहर उत्तर प्रदेश निवासी सतीश सोनी पुत्र कृपाल सिंह अभी फरार हैं जिन्हें जल्द ही सलाखों के पीछे किया जाएगा। घटना का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना आईटीआई आशुतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, दीवान सिंह, सुनील सुतेड़ी, कांस्टेबल नीरज शुक्ला जितेंद्र सिंह नेगी, उमेश तोमकायल, गिरीश कांडपाल के अलावा एसओजी के कांस्टेबल कैलाश तोमकयाल तथा दीपक कठैत शामिल रहे।

**दहेज में २५ लाख नहीं...**व अमरीन तथा छोटे बेटे यानी पीड़िता के देवर अदनान को लेकर घर पर आ गए और दहेज की खातिर दुर्व्यवहार करते हुए उसे जबरदस्ती अलीगढ़ ले जाने लगे। पीड़िता ने जब जाने से मना किया तो शौहर सलीम तथा उसके परिजनों ने एक राय होकर मकान की खातिर 25 लाख रूपयों की डिमांड की। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि उसे पूर्व में उपरोक्त आरोपियों द्वारा करंट लगाकर मौत के घाट उतारने का भी प्रयास किया गया था। फिलहाल पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुए सलीम तथा उसके पिता इकरार हुसैन के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

**कार खाई में गिरने...**वाहन पर नियंत्रण खो बैठा नतीजतन वाहन असंतुलित होकर हाइवे से करीब 100 मीटर नीचे कोसी नदी क्षेत्र की ओर जा गिरा। वाहन के गिरने से हाईवे पर आवाजाही कर रहे अन्य वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। सूचना पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 112 पर दी गई। सूचना पर हरकत में आए चौकी प्रभारी खैरना दिलीप कुमार पुलिस व एसडीआरएफ छडा ईकाई की टीम को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरु कर गंभीर रुप से घायल चालक को आपातकालीन 108 सेवा के जरिए सीएचसी गरमपानी पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने चालक को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**स्मैक बेचता...**कैम्प बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 6.10 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर किशोर राय के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

# शराब पीकर वाहन चलाता एक गिरफ्तार

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम चन्द्र राजगुरू के निर्देश पर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों बिना हेलमेट, ट्रिपल राईडिंग,ओवर स्पीड,रैश ड्राइविंग ओवर लोडिंग, करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना दन्या पुलिस के चौकी प्रभारी जागेश्वर उपनिरीक्षक बलबीर सिंह ने पुलिस बल के साथ पनुवानौला बाजार में चेकिंग के दौरान वाहन संख्या- यूके01 टी0ए0 3090 टैक्सी के चालक को तेज रफ्तार व खतरनाक तरीके से वाहन चलाते पाये जाने पर पीछा करके पकड़ लिया। वाहन चालक गिरजा शंकर निवासी मटकन्या, दन्या अल्मोड़ा शराब के नशे में पाया गया। वाहन चालक को शराब के नशे में तेज रफ्तार व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर कार को सीज किया गया। वाहन चालक के ड्राईविंग लाईसेन्स निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।



# ग्राम प्रहरियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। लंम्बे समय से ग्राम प्रहरी वेतन की मांग उठाते आये हैं इसी क्रम में विगत दिवस ग्राम प्रहरी समूह झगड़पुरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शराफत अली मंसूरी के नेतृत्व में तहसील परिसर पहुँचे।जहाँ तहसीलदार देवेंद्र बिष्ट के माध्यम से जिलाधिकारी हेतु ज्ञापन सौंप कर ग्राम प्रहरियों को समस्याओ के समाधान हेतु मांग उठायी गई।ग्राम प्रहरियों का कहना है वह ग्राम प्रहरियों के रूप में कई वर्षों से काम कर रहे है जिसका मानदेय दो हजार रुपये प्रतिमाह मिल रहा था।ग्राम प्रहरियों का कहना है उन्हें भी पी आर डी व होमगार्ड के वेतन की तरह अठ्ठारह हजार रुपये एवं वर्दी मिलनी चाहिए। इस दौरान संजय सिंह बिष्ट, रामपाल सैनी, भूपसिंह, महावीर,कन्हई सिंह,मंगल सिंह ,वहीद अहमद,रवि कुमार, शाहिद,राजेन्द्रपाल सहित आदि ग्राम प्रहरी मौजूद रहे।



संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# 'ठंड बढ़ने' से पहले ही ,उत्तराखंड में 'ठंडी' पड़ी 'कांग्रेसी गतिविधियां'

**कांग्रेस के कुछ क्षत्रप राज्य से बाहर व्यस्त तो कुछ क्षेत्र विशेष तक सीमित, लोकसभा चुनाव की तैयारियो निरंतर पिछड़ती जा रही कांग्रेस, भाजपा के बड़े नेताओं के लगातार उत्तराखंड दौरे से भाजपा कार्यकर्ताओं का बढ़ा मनोबल।**

-अर्श-

रूद्रपुर। भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता एक के बाद एक उत्तराखंड का दौरा कर ,जहां राज्य में भाजपा की पकड़ और भी मजबूत करते हुए कार्यकर्ताओं में एक नया जोश फूंक कर उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं, वही कांग्रेस अपने अधिकांश बड़े नेताओं की राज्य से बाहर व्यस्तता एवं शेष बड़े नेताओं के क्षेत्र विशेष तक ही सीमित रहने के कारण उत्तराखंड में ठंड बढ़ने से पहले ही ठंडी पड़ गई नजर आ रही है। लिहाजा आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर कांग्रेस भाजपा की तुलना में काफी पिछड़ती नजर आ रही है। देखा जा रहा है कि उत्तराखंड में भाजपा के बड़े नेताओं का एक के बाद एकआगमन राज्य की सियासत को लगातार गरमा रहा है। पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उसके बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड दौरे ने भाजपाइयों को बूस्टर डोज देने का काम किया है। इन दिग्गज भाजपा नेताओं के समय-समय पर उत्तराखंड में होने वाले दौरे इस बात का संकेत दे रहे हैं कि भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में पूरी गंभीरता के साथ जुट गया है। वहीं, कांग्रेस के बड़े नेताओं की गैरमौजूदगी खुद कांग्रेसियों को अच्छा खासा खल रही है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत हरिद्वार तक सीमित हो गए दिख पड़ रहे हैं ।उम्र के इस पड़ाव में शायद वे अपने राजनीतिक जीवन का बड़ा और संभवतया आखिरी दांव हरिद्वार से खेलना चाहते हैं। इसलिए वह हरिद्वार से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेता प्रीतम को एआईसीसी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में वरिष्ठ पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी है। वह छत्तीसगढ़ में दो चरणों में होने वाले चुनाव में वहां 17 नवंबर तक व्यस्त रहेंगे। इतना



ही नहीं केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) का सदस्य होने के नाते वह चार अन्य राज्यों मिजोरम,मध्य प्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना के चुनाव में भी व्यस्त रहेंगे। साफ है कि उत्तराखंड में वह दिसंबर के बाद ही सक्रिय हो पाएंगे। पार्टी के तीसरे बड़े नेता व पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल को भी इस बार एआईसीसी की राष्ट्रीय कार्यसमिति में जगह मिली है। इसके अलावा राजस्थान में चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी में बतौर सदस्य उन्हें शामिल किया गया है। ऐसे में पांच राज्यों के चुनाव में गोदियाल भी लंबे समय तक व्यस्त रहने वाले हैं,जबकि उन्हें पौड़ी लोकसभा सीट से एक बेहद मजबूत दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। दूसरी ओर हरक सिंह रावत ,जो पिछले कुछ समय तक हरिद्वार में खासे सक्रिय दिखाई दिए थे, मगर पाखरो टाइगर सफारी मामले में सीबीआई जांच शुरू होने के बाद , उनके तेवर भी ढीले पड़ गए नजर आ रहे हैं। कुल मिलाकर उत्तराखंड की कांग्रेसी सियासत में फिलहाल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ही मोर्चे पर डटे हुए हैं। करन माहरा और यशपाल आर्य लगातार गढ़वाल एवं कुमाऊं में कार्यकर्ताओं की बैठकें ले रहे और कांग्रेस के छोटे बड़े कार्यक्रमों में भाग लेकर पार्टी की गतिविधियां काफी हद तक सुचारू बनाए रखने की भरसक कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सभी स्थानीय क्षत्रपों के अभाव में कांग्रेस के भीतर वह आक्रामकता दूर-दूर तक नहीं दिखाई दे रही, जिसके बदौलत वह आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा से उत्तराखंड की पांच की पांचों लोकसभा सीट छीन सके। इसके अलावा कांग्रेस की एक बड़ी समस्या उसके नेताओं का 'अपनी डफली अपना राग वाला रवैया' भी है। हाल ही में संपन्न हुए प्रधानमंत्री उत्तराखंड के उत्तराखंड दौरे की जहां कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य तथा उप नेता भुवन कापड़ी ने अपने-अपने तरीके से आलोचना की थी, वही कांग्रेस के धारचूला विधायक हरीश धामी एवं लोहाघाट विधायक खुशाल सिंह अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संयुक्त दौरे की प्रशंसा करके अपने ही वरिष्ठ नेताओं के विरोध की हवा निकाल दी। फलस्वरुप अब इन विधायकों के बयानों के सियासी निहितार्थ तो निकले ही जा रहे हैं, साथ ही विधायकों की यह बयान बाजी कांग्रेस का कार्यकर्ताओं के मनोबल को तोड़ने वाली भी साबित होती दिख पड़ रही है।

## एएनटीएफ ने स्मैक तस्कर को किया गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एएनटीएफ व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त अभियान में एक स्मैक तस्कर को स्मैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार जिला एएन टीएफ तथा कोतवाली पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान अब्दुल्ला बिल्डिंग वाली गली में लाल सलाम स्कूल के पास एक युवक को मोटर साईकिल पर संदिग्ध परिस्थितियों में घूमते पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता मोहम्मद साकिब पुत्र मोहम्मद राशिद निवासी लाइन नंबर -8 बंजारन मस्जिद के पास बनभूलपुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 12.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पूछताछ के दौरान शाकिब ने बताया कि वह स्मैक राजपुरा से किसी



व्यक्ति से खरीदकर लाता है तथा हल्द्वानी, बनभूलपुरा क्षेत्र में बेचकर अधिक पैसे कमाने के लालच में यह काम करता हैं। पुलिस ने बरामद स्मैक व मोटरसाइकिल कब्जे में लेकर शाकिब को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक गुलाब कंबोज, कानि. अमनदीप सिंह, राजेंद्र जोशी व अरुण राठौर शामिल थे।

## जयगुरूदेव इंडस्ट्रीज को फिर मिला सम्मान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पंतनगर में आयोजित किसान मेले में एक बार फिर रूद्रपुर के जयगुरू देव इंडस्ट्रीज द्वारा लगाये गये स्टॉल को प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। समापन समारोह में पधारे मुख्य अतिथि कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मंच पर जय गुरूदेव इंडस्ट्री के डायरेक्टर रोहित गुम्बर को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बता दें जयगुरू देव इंडस्ट्रीज को किसान मेले में यह पुरस्कार पिछले कई वर्षों से मिलता आ रहा है। जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज पिछले कई दशकों से किसानों के कृषि कार्य में उपयोग होने वाले कृषि यंत्रों का निर्माण करती है। जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज द्वारा बनाये जाने वाले कृषि यंत्र देश भर के साथ साथ नेपाल में भी किसानों के लिए के लिए पहली पसंद बने हुए हैं। कृषि यंत्रों का लाभ अधिक



से अधिक किसानों तक पहुंचाने के लिए जय गुरूदेव इंडस्ट्रीज की ओर से हर साल किसान मेले में स्टॉल लगाया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में किसान कृषि यंत्रों के ऑर्डर बुक करते हैं। इस बार भी जयगुरूदेव इंडस्ट्रीज के स्टॉल को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। जिस पर इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर रोहित गुम्बर को कृषि मंत्री ने मंच पर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा, जीबी पंत यूनिवर्सिटी के कुलपति मनमोहन सिंह चौहान ,लालकुआ विधायक मोहन सिंह बिष्ट, डायरेक्टर ऑफ रिसर्च अजीत सिंह नयन आदि भी मौजूद थे।

